
https://www.facebook.com/mandi.khabarnama/

दैनिक सध्या अखबार

मंडी खबरनामा

...सही खबर आप तक




# इंटर कॉलेज कबड्डी चैंपियनशिप में वल्लभ कॉलेज का धमाकेदार आगाज, मनाली को 73-11 से हराया

## बासा और एमएलएसएम कॉलेज सुंदरनगर ने भी जीते मैच





-रामेश्वर सिंह

सरदार पटेल यूनिवर्सिटी के बैनर तले वल्लभ डिग्री कालेज मंडी में आज से इंटर कालेज कबड्डी और शूटिंग चैंपियनशिप का शानदार आगाज हो गया है। जिला परिषद चंपा ठाकुर उदघाटन समारोह की चीफ गेस्ट रहीं। कालेज के प्राचार्य डा. संजीव कुमार ने चीफ गेस्ट व गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया है।

तीन दिनी प्रतियोगिता में सबकी नजरें मेजबान वल्लभ कालेज के प्रदर्शन पर टिकी हुई हैं और आज पहले दिन परंपरागत भारतीय खेल कबड्डी में धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए डिग्री कालेज मनाली को 73-11 के बड़े अंतर से पराजित करते हुए हलचल पैदा कर दी है।

इससे पहले उदघाटन मैच में डिग्री कालेज बासा ने डिग्री कालेज धर्मुर को 39-9 के अंतर से हराते हुए बेहतरीन शुरुआत की है। जोशिले खिलाड़ियों से सजी एमएलएसएम कालेज सुंदरनगर की टीम ने एनसीई पंडोह को 54-14 के बड़े अंतर से मात दी है। कबड्डी में पुरुष वर्ग की 11 और महिला वर्ग की सात टीमें भाग ले रही हैं।

इधर, निशानेबाजी प्रतियोगिता में डिग्री कालेज कुल्लू, डिग्री कालेज जोगिंद्रनगर, एमएलएसएम कालेज सुंदरनगर, डिग्री कालेज करसोग, डिग्री कालेज पधर, डिग्री कालेज बासा, डिग्री कालेज सरकाघाट और मेजबान वल्लभ डिग्री कालेज से पिस्टल और राइफल निशानेबाजी में 100 निशानेबाज भाग ले रहे हैं।